भारत सरकार

भारी उद्योग मंत्रालय

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 4257**

**29 मार्च, 2022 को उत्तर के लिए नियत**

**"फेम-।। योजना के लिए धनराशि"**

**4257. डॉ. एम.पी. अब्दुस्समद समदानी:**

क्या **भारी उद्योग** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) फास्टर एडॉप्शन एंड मैन्युफैक्चरिंग ऑफ हाइब्रिड एंड इलेक्ट्रिक व्हीकल (फेम-।।) योजना के लिए वार्षिक आधार पर अब तक आबंटित राशि का ब्यौरा क्या है और उक्त योजना के लिए कितनी निधि का उपयोग किया गया है;

(ख) क्या सरकार ने उक्त योजना के तहत केरल के लिए चार्जिंग स्टेशनों को मंजूरी दी है;

(ग) यदि हां, तो केरल में कितने चार्जिंग स्थापित किए गए हैं; और

(घ) केरल में स्वीकृत तत्संबंधी अन्य योजनाएं क्या हैं और उनकी प्रगति का ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**भारी उद्योग राज्य मंत्री**

**(श्री कृष्ण पाल गुर्जर)**

(क): महोदय, फेम-इंडिया स्कीम के दूसरे चरण को लागू करने के लिए बजटीय आवंटन और उपयोग का विवरण निम्नानुसार है:

| **क्र.सं** | **वित्तीय वर्ष** | **बजट आवंटन** | **निधि का उपयोग** |
|---|---|---|---|
| 1 | 2019-2020 | 500.00 करोड़ रुपये | 500.00 करोड़ रुपये |
| 2 | 2020-2021 | 318.36 करोड़ रुपये | 318.36 करोड़ रुपये |
| 3 | 2021-2022 | 800.00 करोड़ रुपये | 28/03/2022 की स्थिति के अनुसार 729.30 करोड़ रुपये |

(ख) से (घ): जी हां। भारी उद्योग मंत्रालय ने केरल राज्य के लिए 211 चार्जिंग स्टेशन स्वीकृत किए हैं। इसके अलावा, इस मंत्रालय ने केरल राज्य के लिए 250 ई-बसों की भी मंजूरी दी है।

******